## एक नजर में

### सीएमओ दीपक रानवे ने किया पदभार ग्रहण



**सारंगपुर 25 फरवरी, सं.** नगर परिषद पचोर में पदस्थ प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक नगर पालिका परिषद सांरगपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया जिसके पालन में 23 फरवरी को श्री रानवे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सारंगपुर का पदभार ग्रहणि किया है. कलेक्टर (शहरी विकास) के आदेश द्वारा ज्योति सुनहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय नर्मदापुरम के लिए कार्यमुक्त करने के आदेशों के बाद उन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. निकाय परिसर में सीएमओ दीपक रानवे द्वारा सारंगपुर का पदभार ग्रहण किया.

### एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आज

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयमें देश की अग्रणी औद्योगिक कंपनी एसआरएफ लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय ऑफलाइन मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 26 फरवरी को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा. इस भर्ती अभियान में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 400 छात्र-छात्राओं के सम्मिलित होने की संभावना है, जिससे यह आयोजन क्षेत्र का एक प्रमुख प्लेसमेंट ड्राइव माना जा रहा है. इस प्लेसमेंट ड्राइव में डिप्लोमा/ बीई / बीटेक (इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, केमिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) के ऐसे विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जो वर्ष 2026 में उत्तीर्ण होंगे एवं वर्ष 2025 के पास आउट. जिसमें वेतनमान बीई/बीटेक 25 हजार रूपये प्रतिमाह,डिप्लोमा 20 हजार रूपये प्रतिमाह रहेगा. यह अवसर विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के साथ-साथ दीर्घकालिक करियर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा.

### परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में बुधवार को जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र में मानसिक दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं प्रमाण पत्र जारी करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें भोपाल से आए डॉ. आर.के.बैरागी मनोचिकित्सक व उनकी सहयोगी टीम एवं जिला चिकित्सालय से डॉ. रजनीश शर्मासिविल सर्जन, डॉ. राजेंद्र कटारियासर्जरी विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका यादव नैत्र चिकित्सक द्वारा मानसिक दिव्यांगों का परीक्षण किया गया. शिविर में जिले के कुल 372 दिव्यांगों द्वारा पंजीयन कराया गया. पंजीयन होने उपरांत 264 मानसिक दिव्यांगों का मेडिकल बोर्ड द्वारा परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किया गया. शेष दिव्यांगों को जांच हेतु भोपाल रेफर किया गया.

# 12 जुआरी धराए, लाखों का माल जब्त

## 05 बाइक, 12 मोबाइल व नगदी सहित 4 लाख 74 हजार 400 रूपये का माल जब्त किया

**पुराना महल क्षेत्र में कोतवाली पुलिस की जुआ पर बड़ी कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर के पुराना महल क्षेत्र से 12 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है. आरोपियों के पास से 05 बाइक, 12 मोबाइल व नगदी सहित 4 लाख 74 हजार 400 रूपए का माल जब्त किया है.

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 119/26 में धारा 13 जुआ एक्ट एवं 49 बीएनएस के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी. जिस पर पुराना महल स्थित पानी की टंकी के पास दबिश दी गई. मौके से 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि जुआ गतिविधि का संचालन राहुल पिता गोपाल सिंह चौहान निवासी राजगढ़ द्वारा किया जा रहा था, जिसे प्रकरण में आरोपी बनाया गया है.

**ये आरोपी धराए**

गिरफ्तार आरोपियों में दरयाबसिंह पिता मोरसिंह तंवर, उम्र 31 वर्ष, निवासी झंझाडपुर, शकील पिता अजीज खां, उम्र 37 वर्ष, निवासी पुरोहित मोहल्ला राजगढ़, अभयसिंह पिता मदनलाल तंवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी फूटा तलाब थाना कालीपीठ, अमरलाल पिता मांगीलाल तंवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी झंझाडपुर, पर्वतसिंह पिता बीरम सिंह सोंधिया, उम्र 34 वर्ष, निवासी लालपुरिया, पप्पू पिता गोवर्धन तंवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी कंवरपुरा, दरियाबसिंह पिता बनेसिंह तंवर, उम्र 28 वर्ष, निवासी नलखेड़ा, धीरप पिता मुंशीलाल वाल्मीकि, उम्र 39 वर्ष, निवासी कालाखेत राजगढ़, फुजेल पिता शाहनबाज खां, उम्र 23 वर्ष, निवासी पुरा मोहल्ला राजगढ़, जुबेर उर्फ बिट्टू पिता शहजाद खां, उम्र 30 वर्ष, निवासी पीटी कंपनी राजगढ़, फरीद पिता राजू उद्दीन, उम्र 30 वर्ष, निवासी भंडारा गली राजगढ़, विशाल पिता कैलाश प्रजापति, उम्र 23 वर्ष, निवासी खुजनेर रोड राजगढ़ शामिल है. इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम की ओर से निरीक्षक मंजू माखेनिया, उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह, खेमेंद्र सिंह खींची, कुलदीप, जयप्रकाश, राजेंद्र मीना, दिलीप मीना, अंतिम सोलंकी, विवेक पाटिल, ललित तोमर एवं पवन मीना शामिल रहे.

### नागरिकों को जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा का अवसर

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों जो आयकर दाता नहीं हैं को जगन्नाथपुरी ओडिशा की पावन तीर्थ यात्रा कराए जाने का निर्णय लिया गया है. जिले के पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र संबंधित तहसीलों के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही तीर्थ यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत तीर्थ स्थल जगन्नाथपुरी हेतु आवेदन 06 मार्च, 2026 आमंत्रित किए गए हैं. यात्रा 20 मार्च से 25 मार्च, 2026 तक रहेगी तथा आवश्यक दस्तावेज में आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण हेतु मेडिकल रिपोर्ट, आधार कार्ड, आधार के अतिरिक्त समग्र आईडी, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि में से किसी एक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटो आदि. जिला प्रशासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। पात्र हितग्राहियों से समय- सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है. अधिक जानकारी के लिए संबंधित तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं.



# खेत से मिला अवैध शराब का भंडारण

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 25 फरवरी, सं.** जिले में अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध सतत अभियान जारी है. इसी तारतम्य में छापीहेड़ा क्षेत्र में खेत स्थित मकान से अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब जप्त की.

थाना छापीहेड़ा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि छापीहेड़ा क्षेत्र में एक खेत स्थित मकान में अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब का भंडारण किया गया है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छापीहेड़ा हुकुम सिंह मीणा के नेतृत्व में कार्यवाही की गई. कुल 50 पेटी 446 लीटर अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 1 लाख 97 हजार 220 रुपये जप्त की. जप्त सामग्री में 18 पेटी बोल्ट व्हिस्की, 16 पेटी देशी प्लेन, 6 पेटी देशी मसाला, 8 पेटी एम.डी. रम एवं 2 पेटी इंपीरियल ब्लू शामिल है. थाना छापीहेड़ा में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है.

कार्रवाई में निरीक्षक हुकुम सिंह मीणा थाना प्रभारी छापीहेड़ा, उनि जगदीश गोयल,काशीराम मीणा, प्रधान आरक्षक नरेंद्र सिंह झाला, भूरा सिंह, रामू मोंगिया, आरक्षक साहबसिंह दिनकर, पंकज शर्मा, सुदामा किरार, इंद्रपाल लोधी, आरक्षक दिलीप, उदयभान रावत, सैनिक अरुण सिंह, अशोक राठौर की सराहनीय भूमिका रही.

# पांच माह से नदी में ही मौजूद प्रतिमा के अवशेष

## महीनों से नहीं हुई नदियों में अवशेषों की सफाई



**खुले में नजर आ रहे अवशेष, भावनाएं हो रहीं आहत**

**हर आने-जाने वालो को नजर आते, पर जिम्मेदारों का नहीं इस ओर ध्यान**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 25 फरवरी, का. नवरात्रि के समापन पर झांकी पाण्डालो में विराजमान प्रतिमाओं का स्थानीय अजनार नदी में विसर्जन किया गया. विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के जो अवशेष शेष रह गये वह नदी में महिनों बाद आज तक जस के तस मौजूद है, जो कि हर आने-जाने वाले की भावनाओं को आहत कर रहे है.**

नवरात्रि के समापन के बाद प्रतिमाओं का अजनार नदी में विसर्जन किया गया था. विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के अवशेष को ससम्मान निकालकर एक तरफ किया जाता है, किंतु विसर्जन के 5 माह गुजरने के बाद भी अजनार नदी में प्रतिमा के अवशेष देख हर कोई स्तब्ध रह जाता है. नपा द्वारा इन अवशेष को ससम्मान एक तरफ सुरक्षित करने तक का प्रयास नहीं किया गया.

इस संबंध में आज सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सुश्री रचना भार्गव ने सोशल मीडिया के माध्यम से नपा और प्रशासन तथा सरकार से इस दिशा में ध्यान देते हुए हमारे हिन्दू देवी देवताओं के इस प्रकार होने वाले अपमान पर विराम लगाने की मांग करते हुए उचित निर्णय लेने की मांग की है.

**हर जिम्मेदारों का होता है आना-जाना**

सिविल अस्पताल रोड पर पुल के यहां नदी का पानी काफी दूषित है, वहीं पर प्रतिमा के अवशेष देखे जा सकते है, जबकि हर दिन इस मार्ग पर से जिम्मेदारों का आना-जाना लगा रहता है, नदी में मौजूद यह अवशेष सभी को नजर आते है परन्तु किसी ने इस और ध्यान नहीं दिया. यदि ध्यान गया भी तो इसको अनदेखा कर दिया गया.

**सबसे प्रदूषित नजर आती अजनार नदी**

स्थानीय अजनार नदी की दयनीय स्थिति देख हर किसी के मन में एक पीड़ा का भाव बन जाता है, आज अजनार नदी की जो दुर्दशा हो रही है वह किसी से छुपी नहीं है.

### 50 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**छापीहेड़ा 25 फरवरी, सं.** थाना छापीहेड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 50 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को हिरासत में लिया है. आरोपी द्वारा अपने खेत स्थित मकान में अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब का भंडारण किया गया है.सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई. मौके से आरोपी गुलाब सिंह पिता चंदूलाल कंजर, उम्र 50 वर्ष, निवासी कंजर डेरा छापीहेड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 50 पेटी कुल 446 लीटर अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 97 हजार 220 जप्त की गई है. जब्त माल में 18 पेटी बोल्ट व्हिस्की, 16 पेटी देशी प्लेन, 06 पेटी देशी मसाला, 08 पेटी एमडी रम, 02 पेटी इंपीरियल ब्लू शामिल हैं. आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है. कार्रवाई में निरीक्षक हुकुम सिंह मीणा, थाना प्रभारी छापीहेड़ा उनि जगदीश गोयल, काशीराम मीणा, नरेंद्र सिंह झाला, भूरा सिंह, रामू मोंगिया, साहब सिंह दिनकर, पंकज शर्मा, सुदामा किरार, इंद्रपाल लोधी, दिलीप, उदयभान रावत, अरुण सिंह, अशोक राठौर शामिल रहे.

# लोनिवि के बाबू को निलंबित करने के निर्देश

## पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. जिला पेंशनर संघ फोरम की बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए.**



बैठक में पेंशनरों के लिए जिला मुख्यालय पर नियमित बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया. इस हेतु गंज स्कूल परिसर में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए, ताकि पेंशनर गण सुव्यवस्थित वातावरण में बैठक कर सकें. लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रकरण में यह तथ्य सामने आया कि दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी उनका एरियर एवं टीए भुगतान लंबित है. इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित बाबू बद्रीलाल वर्मा को निलंबन का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा तीन दिवस के भीतर लंबित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि से तीन माह पूर्व ही सर्विस बुक की प्रति उपलब्ध करा दी जाए, ताकि यदि किसी दस्तावेज की कमी हो तो समय रहते उसकी पूर्ति की जा सके और सेवानिवृत्ति उपरांत भुगतान में विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

# एक माह तक होगा अखंड रामचरित मानस पाठ

## श्री पातालेश्वर प्राचीन हनुमान मंदिर बाडिया पर होगा भव्य आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का.** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के वार्ड 1 में स्थित श्री पातालेश्वर प्राचीन हनुमान मंदिर बाडिया पर मंदिर समिति द्वारा एक महीने की अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का भव्य आयोजन होगा जो हनुमान जन्म उत्सव तक चलेगा.

अखंड श्री रामचरित मानस पाठ 1 मार्च से प्रारंभ होकर 2 अप्रैल तक जारी रहेगा. इसको लेकर बैठक आयोजित की गई. सभी सदस्यों की सहमति से एक माह के लिए श्री रामचरित मानस रामायण पाठ का निर्णय लिया गया. रामायण समापन के बाद नगर भंडारा का आयोजन होगा.

बैठक में रामचरण भगत जी, रामप्रसाद गुर्जर, राकेश गुर्जर, विक्रम गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, राजु गुर्जर, दिनेश भिलाला, महेश गौड़, इंदर सिंह गुर्जर, पवन गुर्जर, प्रबल प्रताप सिंह सिकरवार, पवन विजयवर्गीय, दिलीप बापु, हेमंत जोशी उपस्थित रहे.



# जिला मुख्यालय पहुंचकर नियमित करने सौंपा ज्ञापन

## 18 कर्मचारी संगठनों ने लंबित मांगों को रखा

**जिले भर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 फरवरी, का. जिला मुख्यालय पर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले जिले के 18 कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल प्रशासन को ज्ञापन सौंपा.**

भारतीय मजदूर संघ के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिजली विभाग के आउट सोर्स कर्मचारी, तुलावटी संघ,राज्यकर्मचारी संघ सहित कई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए.

ज्ञापन में कहा गया है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा विभाग की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है. योजनाओं से लाखों हितग्राहियों को लाभ पहुंचा रहा है. बावजूद इसके महंगाई के समय में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को अल्प मानदेय दिया जा रहा है. जबकि उन पर बाकी सारे नियम नियमित कर्मचारियों की भांति लागू है, सुविधा के नाम पर सरकार की बहुत सी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता है.

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को एक नीति बनाकर नियमित करते हुए सभी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिया जाये. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पर्यवेक्षक के पद पर बिना परीक्षा के योग्यता और अनुभव के आधार पर पदोन्नत किया जाये. अन्य किसी भी कार्य में न लगाये. मानदेय का मासिक भुगतान माह की 5 तारीख तक करने के आदेश हो. पेंशन के रुप में कम से कम 5 हजार रुपये सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन यापन हेतु दिए जाये. इस अवसर पर बड़ी संख्या जिले भर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं उपस्थित रही.

मांगे नहीं माने जाने पर भोपाल में एवं दिल्ली में आंदोलन कर मजदूर कर्मचारियों के हक की लड़ाई जारी रखेंगे.

**पवन मेहता**
**प्रदेश संयोजक भारतीय मजदूर संघ राजगढ़**

**खेती** — सरसों की बम्पर आवक से मंडी में रौनक बढ़ी, भाव भी अच्छे मिलने से आवक में और बढ़ोत्तरी के आसार

# समर्थन मूल्य के पूर्व मंडी में सरसों की बम्पर आवक

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 25 फरवरी, का. क्षेत्र में सरसों का रकबा काफी बढ़ते हुए इसका बेहतर उत्पादन होना सामने आया है, वहीं अच्छी खबर यह है कि प्रदेश सरकार द्वारा सरसों को भावांतर योजना में शामिल कर लिया गया है, सरसों का समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है. वहीं समर्थन मूल्य के पूर्व स्थानीय कृषि मंडी में सरसों की बम्पर आवक हो रही है. फिलहाल मंडी में सरसों के भाव भी अच्छे होने से आने वाले समय में आवक और अधिक बढ़ने के आसार है.**



गौरतलब है कि कैबिनेट बैठक में भावांतर योजना में सरसों की खरीदी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, इस तरह सरसों को भी भावांतर योजना में शमिल कर लिया गया है. भावांतर योजना के तहत 23 मार्च से 30 मई तक सरसों की खरीदी की जाएगी. साथ ही तय किया गया है कि 14 दिन में मंडियों में बिक्री के औसत मूल्य के आधार पर सरसों का मॉडल रेट तय होगा. उसके बाद जो अंतर की राशि होगी उसे किसानों को दी जाएगी.

मंडी में सरसों की आवक और भाव इस प्रकार रहे

5 फरवरी को आवक 5 क्विंटल रही, 6 फरवरी को आवक 20 क्विंटल, 7 को 127, 11 को 686, 12 को 873, 13 को 853, 21 को 2223 क्विंटल आवक रही. जबकि 12 फरवरी को सरसों के भाव 4945 से 6485 रुपये प्रति क्विंटल, 13 फरवरी को 5000 से 6570 रुपये, 21 फरवरी को 4590 से 6230 रुपये रहे. 25 फरवरी को आवक 5473 क्विंटल तथा भाव 4500 से 6260 रुपये प्रति क्विंटल रहे. स्थानीय कृषि उपज मंडी में तिलहनी फसल सरसों (रायडा) की आवक बढ़ने लगी है. ब्यावरा विकासखण्ड सहित जिले भर में सरसों का रकबा काफी बढ़ा है, यह एक सुरक्षित फसल देखी जाती है, यही कारण है कि अब सरसों के प्रति रुझान काफी बढ़ा है. ब्यावरा विकासखण्ड में तो सरसों का रकबा गत वर्ष की तुलना में दोगुना तक पहुंचने की

**दोगुना हुआ रकबा**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा विकासखण्ड में सिंचित भूमि का रकबा 82 हजार 300 हैक्टर है, जिसमें सर्वाधिक गेहूं फसल का रकबा रहता है. विकासखण्ड में गत वर्ष सरसों का रकबा लगभग 6 हजार 800 हैक्टर रहा था. जबकि इस वर्ष सरसों का रकबा अनुमानित तौर पर लगभग 15 हजार हैक्टर में होना बताया जा रहा है. सरसों (रायडा) की फसल कम खर्च में होने वाली है, एक बीघा में 1 किलो बीज या इससे भी कम लगता है. इसका उत्पादन एक बीघा में 4 से 7 क्विंटल तक होताा है. इसके भाव भी अच्छे मिलते है. है. साथ ही कम पानी में भी यह फसल तैयार हो जाती है. उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व तक ब्यावरा विकासखण्ड एवं जिले में सरसों (रायडा) का उत्पादन बहुत ही कम नजर आता था. किंतु अब एकाएक सरसों का उत्पादन बढ़ा है, क्योंकि यह एक सुरक्षित फसल मानी जाती है, सरसों पर जहां प्राकृतिक आपदा का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता है वहीं जानवर भी इस फसल को न के बराबर नुकसान पहुंचाते है. ब्यावरा विकास खण्ड के कई क्षेत्रो में जंगली जानवरों का काफी प्रकोप है, जो कि खेतो में खड़ी फसलों को खाकर या नुकसान पहुंचाकर चट कर रहे है.